प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.09.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया।
- नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया जारी–नाम वापसी का आज अंतिम दिन।
- प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों का 30 सितम्बर तक सुरक्षा ऑडिट कराया जाएगा।
- राज्य में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए 10 सितम्बर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों के लिए चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कल जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय विभागीय जल सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर बल दिया। श्री मोदी ने भारतीय विनिर्माणकर्ताओं और हितधारकों को प्रभावी समाधान विकसित करने तथा उन्हें बड़े स्तर पर लागू करने में सक्षम बनाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी देने वाली प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के आयोजन का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में दो दिनों तक हुई गहन चर्चा की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि यह सम्मेलन एक बार की कवायद नहीं रहनी चाहिए, बल्कि लगातार समीक्षा और अपेक्षित कार्रवाई होनी चाहिए।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बांगा ने कहा है कि भारत में 7 से 8 प्रतिशत की मौजूदा वृद्धि दर से आगे बढ़ने की क्षमता है। श्री बांगा ने वैश्विक ऊर्जा दबाव, व्यापार अनिश्चितता और अल नीनो के प्रभाव के बावजूद देश के मौजूदा आर्थिक प्रदर्शन को मजबूत बताया। अमरीका के ऐशविल में जी–20 वित्त मंत्रियों की बैठक में श्री बांगा ने कहा कि नए आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति की मजबूती दर्शाते हैं। वहीं, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आंकडों पर सवाल उठाने वालों की कडी आलोचना की है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7 दशमलव आठ प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।

.....

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। उम्मीदवार दोपहर तीन बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह कल आवंटित किए जाएंगे। इधर, चुनाव तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और ईवीएम के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जारी है। जयपुर में चुनाव ड्यूटी के प्रशिक्षण से अनुपस्थित नौ कार्मिकों को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट दी गई है। वहीं, डीडवाना–कुचामन में जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीणा ने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन से मशीनों का निष्पक्ष और पारदर्शी आवंटन सुनिश्चित होगा।

.....

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश जयपुर में पीएमजी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, सरकारी भूमि हस्तांतरण और राइट ऑफ वे से जुड़े मामलों में समयबद्ध कार्रवाई पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी से बचने के लिए लंबित मामलों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय से स्थानीय स्तर की बाधाओं का जल्द समाधान करने को कहा। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर

अग्रवाल ने परियोजनाओं की प्रगति नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करने और फॉलोअप के निर्देश दिए।

पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेशभर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का 30 सितम्बर तक सिक्योरिटी ऑडिट कराया जाएगा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने यह निर्देश जयपुर में पुलिस और पर्यटन विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था केवल मेलों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वर्षभर पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखकर की जाए। बैठक में खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, रामदेवरा और पुष्कर सहित प्रमुख स्थलों पर भीड़ के अनुरूप पुलिस बल और पर्यटक सहायता बल तैनात करने को कहा गया। डीजीपी ने पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने, अधिक सीसीटीवी लगाने और पर्यटक सहायता बूथों पर प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए 10 सितम्बर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान, रैलियां, कार्यशालाएं, क्वीज, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं तथा सोशल मीडिया कैम्पेन जैसी गतिविधियां होंगी। कल जयपुर में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक में ये जानकारी दी गई। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव और प्राधिकरण की अध्यक्ष गायत्री राठौड ने बैठक में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार का प्रयास है कि इससे जुडी सेवाएं लोगों को आसानी से उपलब्ध हो। बैठक में नशा मुक्ति केंद्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों के स्थायी पंजीकरण की व्यवस्था आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। संभाग स्तर पर मेंटल हेल्थ रिव्यू बोर्ड के गठन के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए संचालित टेली–मानस हेल्पलाइन पर अब तक एक लाख 11 हजार 377 कॉल प्राप्त हुई हैं। इनमें 95 हजार 305 कॉल लोगों ने स्वयं की है।

प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जयपुर के प्रमुख मंदिरों में सजावट, रोशनी और झांकियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन के आयोजन होंगे। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाएं की जा रही हैं।जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि जिला प्रशासन ने भी जन्माष्टमी को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

.....